दैनिक न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, शनिवार 11 मई 2024

www.nyaysakshi.com



संपादकीय

# चंदा लेने का आरोप

अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की गई है। उन पर प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख्स फॉर जस्टिस से देवेन्द्र पाल भुल्लर की रिहाई की एवज में 1.6 करोड़ डॉलर बतौर चंदा लेने का आरोप है।

दिल्ली के उपराज्यपाल ने वीके सक्सेना ने विश्व हिन्दू महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव आशु मोंगिया के साक्ष्य-आधारित आरोप के मद्देनजर एनआईए जांच की अनुशंसा की है। केजरीवाल पहले से ही आबकारी नीति मामले में जेल में हैं, जिसमें जमानत पर मंगलवार को सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रख लिया। इसके एक दिन पहले जांच की सिफारिश की गई है। ताजा आरोप केजरीवाल के वर्तमान और भविष्य के लिए एक नये फंदे की तरह है।

पंजाब के खालिस्तान आंदोलन के दौरान भुल्लर का रक्तरंजित इतिहास रहा है। वह खालिस्तान लिबरेशन फ्रंट से जुड़ा कुख्यात आतंकी है, जिसने दिल्ली की रायसीना रोड स्थित युवक कांग्रेस मुख्यालय के सामने 11 सितम्बर, 1993 को बम विस्फोट कर राजधानी को दहला दिया था। इसमें 11 लोग मौके पर ही मारे गए थे। जाहिर तौर पर यह मामला मौजूदा कानून के मुताबिक देशद्रोह की कोटि में आता है। ऐसे में चंदे का आरोप सिद्ध हो गया, जैसा कि उपराज्यपाल का मोंगिया के सुपुर्द किए साक्ष्यों के आधार पर दावा है, तो केजरीवाल राजनीतिक बियावान में जा सकते हैं।

एक वीडियो में खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू को यह कहते सुना-देखा गया है कि केजरीवाल की आम आदमी पार्टी सरकार को 2014 से 2022 के दौरान खालिस्तान समर्थक समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर की फंडिंग मिली थी। फिर भी आप को इसमें राजनीतिक षड्यंत्र लगता है। इसका मकसद आम चुनाव से केजरीवाल को दूर रखना है। उसे लगता है कि उपराज्यपाल भाजपा के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं, जबकि उन्हें सावैधानिक एजेंट के रूप में काम करना चाहिए।

इस पद की व्यवस्था केंद्र-राज्य सरकारों के बीच समन्वयक एवं संकटमोचक दायित्व-पूर्ति के लिए की गई है। आप ने यह खुलासा नहीं किया है कि उसके आरोप का आधार क्या है? पर ऐसे गंभीर आरोप किसी भी पार्टी या सरकार की मुखिया के विरु द्ध लगे तो उसकी जांच की सिफारिश उपराज्यपाल का सवैधानिक दायित्व है। इसे केवल चुनाव या जमानत पर सुनवाई की टाइमिंग या इस बिना पर भी स्थगित नहीं किया जा सकता कि ये आरोप किसी खास संगठन की तरफ से लगाए जा रहे हैं।

# वित्त वर्ष 24 में राजकोषीय घाटा उम्मीद से बेहतर

**नईदिल्ली**



वित्त वर्ष 2024 में केंद्र का राजकोषीय घाटा 17.34 लाख करोड़ रुपये के अनुमान से कुल मिलाकर थोड़ा बेहतर रहने की संभावना है। वित्त वर्ष 2024 के लिए सरकार ने संशोधित अनुमान में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य कम करके जीडीपी का 5.8 प्रतिशत कर दिया था।

बजट में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था, जिसकी तुलना में संशोधित अनुमान कम है। लेखा महानियंत्रक के आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2024 में अप्रैल से फरवरी के बीच भारत का राजकोषीय घाटा 15.01 लाख करोड़ रुपये या पूरे साल के संशोधित अनुमान 17.34 लाख करोड़ रुपये का 86.5 प्रतिशत है।

सूत्रों ने कहा, 'कुछ अतिरिक्त कर प्राप्तियों और कुछ गैर कर प्राप्तियों की वजह से राजकोषीय घाटे का लक्ष्य सुधारने में मदद मिली है।'

राजकोषीय उतार-चढ़ाव की राह पर चल रही सरकार चाहती है कि वित्त वर्ष 2026 तक राजकोषीय घाटा कम होकर जीडीपी का 4.5 प्रतिशत हो जाए। वित्त वर्ष 2025 में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 5.1 प्रतिशत रखा गया है। वित्त वर्ष 2024 के राजकोषीय घाटे का आंकड़ा सरकार 31 मई को जारी करेगी।

सूत्रों ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष के दौरान सरकार का पूंजीगत व्यय भी अनुमान के मुताबिक और पटरी पर रहा है। सूत्रों ने कहा, 'यह संशोधित अनुमान में की तुलना में कम नहीं रहा है।'

वित्त वर्ष 2024 में अप्रैल-फरवरी के दौरान सरकार ने संशोधित पूंजीगत व्यय अनुमान 9.8 लाख करोड़ रुपये का 85 प्रतिशत खर्च किया था। बुनियादी ढांचे और पूंजीगत व्यय पर व्यय वित्त वर्ष 2024-25 में भी जारी रखे जाने का अनुमान है।

सूत्र ने कहा, 'हम बजट के लेखानुदान के अनुमान के मुताबिक खर्च करने की राह पर हैं।'

अंतरिम बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय का लक्ष्य वित्त वर्ष 24 के संशोधित अनुमान से 16.9 प्रतिशत बढ़ाकर 11.1 लाख करोड़ रुपये कर दिया था।

सूत्रों ने कहा कि चल रहे चुनावों के कारण वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में खर्च में कोई कटौती नहीं की गई है।

सूत्रों ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो सरकार सरकारी प्रतिभूतियों को एक और बार बाईबैक कर सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 3 मई को 10,500 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियों की पुन: खरीद की।

सूत्र ने कहा, 'घोषित बाईबैक से सरकार को ब्याज बचाने में मदद मिलेगी। सरकार नकदी को बेकार नहीं पडऩे दे रही है। हम नकद भंडार का सर्वाधिक स्तर पर इस्तेमाल कर रहे हैं।'

# धीरे-धीरे पटरी पर लौट रहा एयर इंडिया एक्सप्रेस का परिचालन

**नईदिल्ली**

एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के सदस्य काम पर वापस लौटने लगे हैं। इसके साथ एरलाइन के परिचालन में शुक्रवार को धीरे-धीरे सुधार आना शुरू हो गया। चालक दल के सदस्यों की हड़ताल के कारण उड़ान सेवा बड़े पैमाने पर बाधित हुई थी।

एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग ने हड़ताल की थी। उन्होंने मंगलवार रात हड़ताल वापस लेने की घोषणा की। इसके साथ, एयरलाइन प्रबंधन ने चालक दल के 25 सदस्यों की बर्खास्तगी का पत्र वापस ले लिया। हड़ताल के कारण टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने मंगलवार रात से 170 उड़ानों को रद्द किया था। एयर इंडिया एक्सप्रेस प्रतिदिन लगभग 380 उड़ानों का परिचालन करती है।

कंपनी ने हड़ताल के कारण परिचालन में कटौती की। अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि अगले दो दिनों में स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। चालक दल के जो सदस्य हड़ताल पर थे, वे अब काम पर लौट रहे हैं। एयरलाइन उन्हें 'फिटनेस' प्रमाणपत्र प्राप्त करने में मदद दे रही है।

अधिकारी ने यह भी कहा कि ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शाम के समय की हैं। चालक दल के अधिक सदस्यों की उपलब्धता के साथ शुक्रवार से परिचालन बेहतर होने की उम्मीद है। एयरलाइन औसतन प्रतिदिन 120 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें और 260 घरेलू सेवाएं संचालित करती है।

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण गुरुवार को 85 उड़ानें या अपनी कुल दैनिक क्षमता का लगभग 23 प्रतिशत रद्द किया था।

एयरलाइन ने बृहस्पतिवार हड़ताल खत्म होने के बाद कहा था कि वह उड़ान कार्यक्रम को तेजी से बहाल करने में मदद करेगी और उन यात्रियों से माफी भी मांगी जो उड़ानें रद्द होने से प्रभावित हुए थे। एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग ने 'बीमार' होने की सूचना दी थी। उसके बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस को उड़ानें रद्द करनी पड़ी।

# अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 2 पैसे बढ़कर 83.46 पर

**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुरूआती कारोबार में दो पैसे की बढ़त के साथ 83.46 प्रति डॉलर पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में बढ़त से रुपये को लाभ हुआ लेकिन कच्चे तेल के दाम में तेजी ने इसके प्रभाव को सीमित किया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार वैश्विक बाजारों में अमेरिकी मुद्रा मजबूत रहने तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 83.48 पर खुला और शुरूआती कारोबार में दो पैसे की बढ़त के साथ 83.46 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया गुरुवार को 83.48 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को बताने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 105.30 रहा। बीएसई सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 169.82 अंक की बढ़त के साथ 72,573.99 और एनएसई निफ्टी 67.05 अंक चढक़र 22,024.55 अंक पर रहा।

# आईडीबीआई बैंक के विनिवेश में देरी पर आरबीआई से बात कर रहा वित्त मंत्रालय

**-प्रक्रिया में तेजी लाने की कवायद**

**नईदिल्ली**

वित्त मंत्रालय ने आईडीबीआई बैंक में दिलचस्पी दिखाने वाले बोलीदाताओं की जांच-परख पूरी करने में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से 'असामान्य' देर पर चिंता जताई है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि लंबी जांच प्रक्रिया के कारण रणनीतिक हिस्सेदारी की बिक्री रुकी हुई है। वित्तीय बोली लगाने की पात्रता के लिए निवेशकों का आरबीआई द्वारा 'उचित एवं उपयुक्त मूल्यांकन' जरूरी होता है। उक्त अधिकारी ने कहा, 'हमें लगता है कि आरबीआई ने अत्यधिक समय लगाया है। हमने इसे लेकर सवाल उठाया है और इस बारे में उन्हें बताया है। वे प्रक्रिया पूरी करने के लिए कुछ और जानकारी और पूछताछ करना चाह रहे हैं। हम उम्मीद करते हैं कि आरबीआई यह काम तेजी से करेगा ताकि जांच-पड़ताल शुरू हो सके और उसके बाद वित्तीय बोलियां मंगाई जा सकें।'

सरकार ने जनवरी 2023 में बोलीदाताओं का ब्योरा आरबीआई को भेजा था। अधिकारी ने कहा,'देरी होने का एक कारण यह भी रहा कि इस प्रक्रिया में कई इकाइयां- प्राइवेट इक्विटी कंपनियां, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) शामिल हो गईं यानी केवल बैंक ही दावेदार नहीं थे। इस वजह से नियम-शर्तें का भी विस्तार से ब्योरा देना पड़ता है।'

आईडीबीआई का प्रस्तावित विलय दो चरणों में विभाजित किया गया है। इनमें पहले चरण में बोली प्रक्रिया में अभिरुचि (ईओआई) आमंत्रित की जाएगी उसके बाद उपयुक्त जांच आदि के बाद सुरक्षा मंजूरी दी जाएगी। दूसरे चरण में संभावित बोलीदाता अपनी तरफ से जांच-परख कर आगे बढ़ेंगे जिसमें दो से तीन महीने लग सकते हैं। इसके बाद वित्तीय बोलियां आमंत्रित की जाएंगी। अधिकारी ने कहा कि अब सरकार को लग रहा है कि चालू वित्त वर्ष के अंत तक बोली प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

वित्त वर्ष 2017 के केंद्रीय बजट में सरकार ने आईडीबीआई बैंक में अपनी हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से कम करने का प्रस्ताव दिया था। इसके बाद अक्टूबर 2022 में सरकार ने अभिरुचि पत्र आमंत्रित करने के लिए प्रारंभिक सूचना ज्ञापन जारी कियि था।

# अक्षय तृतीया पर महंगा हुआ सोना-चांदी



**नईदिल्ली**

सोने चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत आज तेज रही। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 72,100 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 85 हजार रुपये से ऊपर कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई।

सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट आज 91 रुपये की तेजी के साथ 71,730 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 490 रुपये की तेजी के साथ 72,129 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 72,140 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 71,730 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने पिछले महीने 73,958 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।

चांदी के वायदा भाव की शुरूआत भी आज तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रैक्ट आज 262 रुपये की तेजी के साथ 84,761 रुपये पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 636 रुपये की तेजी के साथ 85,135 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 85,143 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 84,761 रुपये के भाव पर निचला स्तर छू लिया। पिछले महीने चांदी के वायदा भाव ने 86,126 रुपये किलो के भाव पर उच्चतम स्तर छू लिया था।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,353.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,340.30 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 17 डॉलर की तेजी के साथ 2,357.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 27.58 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 27.36 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.22 डॉलर की तेजी के साथ 27.58 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# आईपीएल 2024 : बेंगलुरु की पंजाब पर 60 रन से जीत, प्लेऑफ की उम्मीदें बरकरार रखीं

**धर्मशाला**

यहां के एचपीसीए स्टेडियम में गुरुवार को विराट कोहली की 47 गेंदों में 92 रन की शानदार पारी और सामूहिक गेंदबाजी प्रयास से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने यहां एचपीसीए स्टेडियम में पंजाब किंग्स पर 60 रन से जीत हासिल की। आरसीबी ने लगातार चौथी जीत के साथ अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा, जबकि पीबीकेएस टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

कोहली की पारी के बाद रजत पाटीदार के 55 रन के साथ आरसीबी ने 241/7 का स्कोर बनाया, जो टूर्नामेंट में उनका चौथा सबसे बड़ा कुल स्कोर है। पीबीकेएस को जॉनी बेयरस्टो और रिले रोसौव के बीच 65 रन की साझेदारी के बाद लक्ष्य तक पहुंचने की उम्मीद थी। हालांकि रोसौव ने 61 रन बनाए, लेकिन पीबीकेएस का कोई भी बल्लेबाज चुनौती के सामने खड़ा नहीं हुआ। टीम 17 ओवर में 181 रन पर ऑल आउट हो गई।

आरसीबी ने अपने बचाव में शानदार शुरुआत की और चौथी गेंद पर स्वप्निल सिंह ने प्रभसिमरन सिंह को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। पावरप्ले की दूसरी-आखिरी गेंद पर लॉकी फर्ग्यूसन का शिकार बनने से पहले बेयरस्टो ने 16 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाकर 27 रन बनाए।

रिले रोसौव ने प्रतियोगिता का अपना पहला अर्धशतक लगाने के लिए इच्छानुसार बाउंड्री लगाकर पीबीकेएस को दौड़ में बनाए रखा। उन्होंने कैमरून ग्रीन की गेंद पर छक्का लगाया।

हालांकि शशांक सिंह बाउंड्री तोड़ रहे थे, लेकिन यह पीबीकेएस के लिए पर्याप्त नहीं था, क्योंकि लियाम लिविंगस्टोन स्वप्निल शून्य पर कैच आउट हो गए। शशांक अगली ही गेंद पर डीप मिडविकेट से विराट कोहली द्वारा लगाए गए सीधे हिट से रन आउट हो गए। उन्?होंने 19 गेंद में 37 रन बनाए। उसके बाद पीबीकेएस संकट से उबर नहीं पाया। आशुतोष शर्मा को मोहम्मद सिराज ने एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया, उसके बाद लॉकी फर्ग्यूसन ने सैम कुरेन को आउट किया। सिराज ने शेष दो विकेट लेने के लिए वापसी की और 3-43 के साथ समाप्त किया। इस तरह आरसीबी एक और जीत हासिल करने में सफल रही।

## आज का राशिफल

**मेष:** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज वर्क स्पेस पर सीनियर्स और बॉस के द्वारा कुछ बताया जा रहा है तो उसे गंभीरता से लें, और अपनी कमियों को जानकर उसे सुधारने का प्रयास करें।

**वृष:** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। कार्यस्थल पर अच्छे प्रदर्शन को दोहराने के लिए एकाग्रता बनाएं रखनी होगी। बिजनेसमैन के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, व्यापारिक योजनाओं को लेकर थोड़ी सतर्कता बरतें।

**मिथुन:** आज आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीतेगा। परिवार वाले आज आपको अच्छी राय देंगे। आज आप ऑफिस में किसी काम को आसानी से पूरा करेंगे, जिससे आपके जूनियर और सीनियर सभी तारीफ करेंगे।

**कर्क:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें और बात भी मानेंगे।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आया है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है लेकिन आपके द्वारा किया गया काम आपके बॉस को इम्प्रेस करेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही करने से आज आपको बचना चाहिए।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में आप कुछ बदलाव करेंगे, ये बदलाव आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज स्टूडेंट्स को कुछ नया सीखने को मिल सकता है। आज फैमिली वालों के साथ किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे।

**तुला:** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखें। इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। आज आप कोशिश करेंगे कि आपका व्यवहार सभी के प्रति अच्छा हो और किसी की भावनाओं को भी ठेस न पहुंचे।

**वृश्चिक:** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। व्यापार में आज आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। आज आपको पारिवारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा।

**धनु:** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी।

**मकर:** आज आपका दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ कामों में अधिक समय लगेगा, जिससे आपको ऑफिस में देर तक रुकना पड़ेगा।

**कुंभ:** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको काम को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला होगा। किसी कॉम्पिटिटिव एग्जाम से रिलेटेड शुभ समाचार मिलेगा।

**मीन:** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आज आपके पारिवारिक रिश्तें में मधुरता बढ़ेगी। सभी लोग हंसी-खुशी रहेंगे।

# बदले की आग में जलते मनोज बाजपेयी की फिल्म भैय्या जी का दमदार टीजर हुआ रिलीज, फिल्म 24 मई को सिनेमाघरों में देगी दस्तक




मनोज बाजपेयी फिल्म इंडस्ट्री के टैलेंटेड एक्टर्स में से एक हैं. उन्होंने अपने करियर में एक से बढक़र एक फिल्में और वेब सीरीज की हैं. अब उनकी नई फिल्म भईया जी का टीजर रिलीज किया गया है जिसमें वो बदले की आग में जलते नजर आ रहे हैं. मनोज बाजपेयी का फिल्म में काफी खूंखार किरदार दिखाया जाएगा जिसे आप इस टीजर में देख सकते हैं.

पहले भी मनोज बाजपेयी ने सस्पेंस और एक्शन सीन वाली फिल्में की हैं लेकिन इस बार उनके अभिनय में कुछ अलग देखने को मिलेगा. फिल्म का टीजर काफी पसंद किया जा रहा है और मेकर्स ने टीजर के साथ फिल्म की रिलीज डेट भी बताई है.

पहले भी मनोज बाजपेयी ने सस्पेंस और एक्शन सीन वाली फिल्में की हैं लेकिन इस बार उनके अभिनय में कुछ अलग देखने को मिलेगा. फिल्म का टीजर काफी पसंद किया जा रहा है और मेकर्स ने टीजर के साथ फिल्म की रिलीज डेट भी बताई है.

फिल्म के टीजर में दिखाया है कि एक सीधा-सादा इंसान अपने भाई की पढ़ाने के लिए सबकुछ करता है. लेकिन जब उसका भाई किसी साजिश का शिकार होकर मार दिया जाता है तब बदले की आग जल उठती है. टीजर देखकर फिल्म की कहानी तो कुछ ऐसी ही नजर आ रही, बाकी 24 मई को क्लियर होगा कि फिल्म की कहानी आखिर किस आधार पर होगी.

# वेब सीरीज हीरामंडी का नया गाना साइयां हटो जाओ जारी, मुजरा करती दिखीं अदिति राव हैदरी



टॉप ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर इस वक्त दिग्गज डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की शानदार सीरीज हीरामंडी: द डायमंड बाजार धमाका कर रही है. हीरामंडी नेटफ्लिक्स पर अब तक की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली सीरीज बन गई है. हीरामंडी संजय लीला भंसाली की डेब्यू सीरीज है. सीरीज दर्शकों को खूब भा रही है. फिल्म देश ही नहीं बल्कि विदेशी दर्शकों को भी अपनी ओर खींच रही है. इस बीच फिल्म का एक और गाना सैयां हटो जाओ रिलीज हो गया है.

सैयां हटो जाओ को संजय लीला भंसाली ने खुद कंपोज किया है. इस गाने के बोल और मुखड़ा संजय लीला भंसाली, अंत्रा और एएम तुराज ने लिखे हैं. सैयां हटो जाओ को बर्नाली चटोपाध्याय ने अपनी बेहतरीन आवाज दी है.

# विजय देवरकोंडा के बर्थडे पर नई फिल्म का ऐलान, सामने आया खौफनाक फर्स्ट लुक पोस्टर




विजय देवरकोंडा देश के सबसे पॉपुलर एक्टर में से एक हैं. साउथ इंडस्ट्री में तो एक्टर बेहद फेमस हैं ही वहीं बॉलीवुड में भी वे डेब्यू कर चुके हैं. फिलहाल 35वां बर्थडे के मौके पर एक्टर के फैंस को बड़ा तोहफा देते हुए निर्माता दिल राजू ने विजय की अपकमिंग पैन-इंडियन प्रोजेक्ट की भी अनाउंसमेंट कर दी है.

बता दें कि विजय देवरकोंडा के बर्थडे पर मेकर्स ने एक दिलचस्प पोस्टर शेयर कर उनके पैन-इंडियन प्रोजेक्ट की अनाउंसमेंट की है. विजय की इस अपकमिंग फिल्म का टेंपरेरी नाम एसवीसी 59 है. देवरकोंडा के नए प्रोजेक्ट के मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक आर्टवर्क पोस्टर शेयर किया है और कैप्शन के साथ लिखा, खून में, वह उठेगा, राज करेगा और हर तरफ सामूहिक लहरों को प्रज्वलित करेगा! एसवीसी 59, देवरकोंडा का मास अवतार.

पोस्टर में, विजय के किरदार को फायरी बैकग्राउंड के साथ हाथ में खंजर पकड़े देखा जा सकता है. इस पोस्टर को तेलुगु, तमिल, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ में लॉन्च किया गया है. इस प्रोजेक्ट की बाकी की कास्ट और क्रू के बारे में सारी जानकारी जल्द ही शेयर की जाएगी.

वहीं पोस्टर के ऑनलाइन होने के तुरंत बाद, फैंस ने कमेंट सेक्शन में जाकर विजय के नए प्रोजेक्ट के बारे में अपनी खुशी जाहिर की. एक फैन ने लिखा, अनएक्सपेक्टेड एक अन्य ने लिखा, डबल ब्लॉकबस्टर फिल्म विजय अन्ना.बता दें कि विजय देवरकोंडा की इस अपकमिंग एक्शन थ्रिलर का निर्देशन 2019 की ब्लॉकबस्टर राजा वरू रानी गारू फेम निर्देशक रवि किरण कोला ने किया है.

विजय देवरकोंडा को आखिरी बार परसुराम पेटला के फैमिली ड्रामा 'फैमिली स्टार' में देखा गया था. फिल्म में विजय के साथ मृणाल ठाकुर ने लीड रोल प्ले किया था.

## शब्द सामर्थ्य- 53

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| | ■ | 5 | | | | ■ | 6 | |
| 7 | 8 | | ■ | ■ | 9 | | ■ | ■ |
| ■ | 10 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 11 | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | ■ | 14 | | | ■ |
| | ■ | 15 | | 16 | | ■ | 17 | 18 |
| | ■ | | ■ | 19 | | 20 | ■ | |
| 21 | 22 | | 23 | | ■ | | ■ | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 052 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | य |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | ■ | वा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |

## सू-दोकू- 53

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.052 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |